हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 22 जनवरी 2026

[ नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

06 स्कूल वैन और तूफान जीप की टक्कर छात्रा की मौत...



09 शहर के लिए अतिक्रमण बना सबसे बड़ी परेशानी...



## खबर संक्षेप

### दिन-रात सड़क या शौचालय हर जगह छलकते हैं जाम



**सेमरी हरचंद।** क्षेत्र में शराब पीने वाले शराबियों के हौसले बुलंद है और यह खुलेआम, बेखौफ होकर नगर के सुलभ शौचालय एवं सड़क किनारे भी शराब पीते दिखाई दे रहे हैं। क्षेत्र में कानून व्यवस्था की कमी होने के कारण आसामाजिक तत्व और शराबी सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर उत्पात करते दिखते हैं। नशे में धुत्त सार्वजनिक स्थानों पर गाली गलौज उपद्रव से आम जनता परेशान है। सेमरी हरचंद में शराब की दुकान के सामने मुख्य मार्ग के किनारे तीन शराबी बेखौफ होकर वीयर पीते दिखाई दिए।

### सेठानी घाट क्षेत्र में ड्रोन उड़ाने पर लगा प्रतिबंध

**नर्मदापुरम।** मां नर्मदा प्राकट्योत्सव एवं नगर नर्मदापुरम गौरव दिवस महोत्सव, कार्यक्रम 24 एवं 25 जनवरी 2026 को आयोजित किया जायेगा है। उक्त कार्यक्रम नर्मदापुरम नगर के सेठानी घाट एवं अन्य घाटों पर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। माँ नर्मदा प्राकट्योत्सव का मुख्य कार्यक्रम का आयोजन 25 जनवरी 2026 को प्रदेश के मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में नर्मदापुरम नगर के सेठानी घाट में प्रस्तावित है।

## क्या टाइगर की सुरक्षा और निगरानी करने वाला दल बस कागजों तक सीमित?

# इटारसी बीट में मादा बाघिन की मौत से खुली हाईटेक मॉनिटरिंग की पोल

इटारसी बीट में बाघिन की मौत से उसकी सुरक्षा और विभाग की सक्रियता पर सवाल उस समय खड़े हो गए। जब सुरक्षा विभाग घंटों तक बाघिन की निगरानी करता रहा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वन्य प्राणी संरक्षण का ढिंढोरा पीटने वाले अधिकारियों की कार्यशैली पर उस वक्त सवालिया निशान लग गया जब वनमंडल क्षेत्र में मादा टाईगर की बॉडी मिली और उसकी सुरक्षा वन विभाग करता रहा। मामला इटारसी की सोनतलाई बीट का है। घटना के बाद घंटों तक बाघ की मॉनिटरिंग की गई। क्या मौजूद कर्मचारियों को यह नहीं मालूम था कि मादा टाइगर की बॉडी में जान नहीं हैं? हालांकि वन विभाग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जरूर साबित कर दिया कि टाईगर जिस स्थान पर 24 घंटे पहले था वहीं दूसरे दिन भी पाया गया। ऐसे में मादा टाइगर की सुरक्षा और विभाग की सक्रियता पर सवाल खड़े होना लाजिमी हैं।

### करोड़ों का बजट, फिर भी फेल

मादा टाईगर की सुरक्षा और उनकी निगरानी करने वाले दल, सिर्फ कागजों में ही निगरानी करता है या असलियत में जंगल में तैनात रहता है। अगर मादा टाईगर की वास्तविक स्थिति का जाएजा लिया होता तो शायद



उसकी मौत से पहले ही पर्दा उठ जाता। खैर छोड़िए! लापरवाही ने एक मादा टाईगर फिर सांसे छीन ली हैं। अगर करोड़ों रूपए के बजट और हाईटेक सर्विलांस के बावजूद एक बाघिन दम तोड़ देती है और विभाग को इसकी भनक नहीं लगती है तो यह शर्म की बात है? याने जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी से बेखर हैं। बाघिन की मौत के बाद हुए पोस्टमार्टम में विभाग ने प्रारंभिक तौर पर मौत की वजह पेट में संक्रमण बताया है। क्योंकि यह तर्क विभाग के लिए सबसे सुरक्षित रास्ता होता है। अगर बाघिन बीमार थी तो उसे ट्रेकुलाइज कर इलाज क्यों नहीं दिया गया? क्या विभाग उसकी मौत का इंतजार कर रहा था? इससे साबित होता है कि नर्मदापुरम के जंगल बाघों और तेदुंओं के लिए सुरक्षित नहीं माने जा सकते। अतिक्रमण, कटाई, तस्करी और इंसानी दखलांदाजी जैसे मामले पहले भी बाघों की मौत के कारण बन चुके हैं। वहीं प्रदेश में बाघों की मौता सिलसिला थम नहीं रहा।

### आनन-फानन में किया अंतिम संस्कार

बाघिन की मौत के बाद सवाल खड़े होना लाजमी है, लेकिन विभाग ने भी चालाकी दिखाते हुए आनन-फानन में अधिकारियों की भारी मौजूदगी के बीच बाघिन का अंतिम संस्कार कर दिया। विसरा जांच के लिए लेब भेज दिया गया, जिसकी रिपोर्ट आने में महीनों लग जाएंगे। वनमंडल अधिकारी नर्मदापुरम द्वारा जारी किए गए प्रेस नोट में बताया गया कि वनमंडल नर्मदापुरम अंतर्गत परिक्षेत्र इटारसी की बीट सोनतलाई क्षेत्र में विगत दो दिनों से एक बाघ की निगरानी की जा रही थी। 21 जनवरी को बाघ के कल के स्थान पर ही पाए जाने एवं शरीर में किसी प्रकार की हलचल नहीं पाए जाने पर पास जाकर देखने पर मादा बाघिन मृत पाया गया। इस दौरान मुख्य वन संरक्षक, वृत्त नर्मदापुरम, वनमंडल अधिकारी नर्मदापुरम, डॉग स्क्वाड, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के चिकित्सकों की टीम, एनटीसीए द्वारा मनोनीत चिकित्सक, तहसीलदार इटारसी, ग्राम पंचायत रानीपुर के सरपंच एवं वन अमले की उपस्थिति में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के अनुरूप विधिवत पोस्टमार्टम की कार्यवाही संपन्न की गई। मृत्यु के कारणों की वैज्ञानिक पुष्टि हेतु अधिकृत प्रयोगशाला भेजने हेतु बाघ का विसरा एकत्रित किया गया। चिकित्सक दल द्वारा किए गए प्रारंभिक परीक्षण के आधार पर बाघ की मृत्यु संभवतः पेट में संक्रमण के कारण होना प्रतीत होती है। पोस्टमार्टम के दौरान बाघ के सभी अवयव सुरक्षित पाए गए, जिससे किसी भी प्रकार की अवैध शिकार के संकेत नहीं मिले हैं। जिसकी पुष्टि हेतु सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के डॉग स्क्वाड द्वारा भी आसपास के क्षेत्र की खोजबीन करवाई गई। बाघ के समस्त अवयवों सहित सभी अधिकारियों की उपस्थिति में राख होने तक शवदाह किया गया। बाघ की मृत्यु का वास्तविक एवं अंतिम कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा प्रयोगशाला से प्राप्त जांच रिपोर्ट के उपरांत ही सुनिश्चित किया जाएगा।

## शहरी क्षेत्र में घूम रहे चोर, हो चुकी कई घटनाएं

# सुरक्षाः अब चोरों को रोकने जनता रात्रि गश्त पर...



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर शहर में इन दिनों चोरी की घटनाएं हुई हैं तथा चोरी के प्रयास हो चुके हैं। अब पुलिस से निराश आमजनों ने स्वयं रात्रि गश्त शुरू की है। नागरिकों द्वारा की जाती गश्ती ने पुलिस की नाकामी को उजागर कर दिया है। सोहागपुर शहर के सरदार वार्ड निवासी सौरभ पटेल ने बताया कि स्थानीय न्यायालय परिसर के पीछे स्थित कालोनी में रातों में चोर दिखाई दिए हैं। घरों में लगे निजी सीसीटीवी कैमरों में देर रात चोरों को गलियों से गुजरते व चोरी की कोशिश करते देखा गया है। और यह प्रक्रिया लगातार हो रही है, लेकिन पुलिस इन घटनाओं पर रोक नहीं लगा पा रही है।

पुलिस से अपेक्षा थी कि जन सुरक्षा के लिए समूचे शहर में गश्ती हो, लेकिन पुलिस के द्वारा चुनिंदा क्षेत्रों में ही गश्ती की जाती है। उल्लेखनीय है कि नगर के रामप्रसाद वार्ड में गत दिनों तीन मकानों में एक ही रात्रि में चोरों ने घुसकर ताले तोड़े हैं। इसके पहले सरदार वार्ड, मुख्य बाजार, शास्त्री वार्ड आदि में भी चोरों ने चोरी के प्रयास किए हैं। जिन पर पुलिस अब तक रोक नहीं लगा सकी है

### हम सब करेंगे गश्ती

सौरभ पटेल ने बताया कि अब नागरिक स्वयं अपने घरों एवं मोहल्लों की सुरक्षा के लिए प्रयास कर रहे हैं। सरदार वार्ड में जपं उपाध्यक्ष राघवेंद्र रघुवंशी, शिवराज पटेल, भरत साहू, मोनू धुर्वे, सौरभ पटेल, वैभव साहू, नैतिक मालवीय, दीपक चौरसिया आदि ने बैठक की। बैठक में चर्चा हुई कि चोरी की घटनाएं रोकने के प्रयास अब जनता ही करेगी। तथा अब युवा नियमित ही रात्रि में गश्त कर रहे हैं। संभव है कि शहर के अन्य क्षेत्रों में भी नागरिकों को गश्त शुरू करनी पड़े, क्योंकि चोर सतय सक्रिय हैं और पुलिस अब तक चोरों को रोकने में नाकाम रही।

## श्री राम कथा में विवाहोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

कथा पंडाल में हुआ राम विवाह माखन नगर पटवारी लाइन वार्ड क्रमांक 12 में श्री राम कथा में प्रतिदिन श्रोताओं की भीड़ बढ़ती जा रही है। ओरछा से पधारी कथावाचक मानस मोहिनी संध्या तिवारी ने बुधवार को राम जानकी विवाह का प्रसंग सुनाया कथा पंडाल में राम विवाह धूमधाम से किया गया। भगवान राम की बारात ढोल बाजे के साथ मंडप में प्रवेश की मिथिला वासी बने भक्तों ने पुष्प वर्षा कर राम बारात का स्वागत किया नगर परिषद अध्यक्ष रीना आकाश तिवारी, पूर्व अध्यक्ष निकुंज लता गुरु, उपाध्यक्ष राशिका डेरिया, पार्षद प्रिया मालवी, रुक्मणी साहू, नगर के समाज सेवी संगठन, लायंस क्लब, मनुष्य मिलन योग साधना शिविर एवं मातृशक्ति एवं गणमान्य लोगों ने राम जानकी का पर पूजन कर आशीर्वाद लिया। नगर वासियों ने व्यास पीठ का पूजन कर कथा वाचक का का आशीर्वाद लिया आयोजन समिति की किरण अग्रवाल, अनीता सोनी, रानी शर्मा, कथा मंच संचालक मुकेश सोनी एवं अन्य सदस्यों ने गणमान्य नागरिकों का स्मृति चिन्ह लेकर सम्मान किया।

## विस्थापित ग्राम बोरी के हिंदू सम्मेलन में वक्ता बोले- माता-पिता से मिलते हैं बच्चों को संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद



समीपस्थ वन में स्थापित ग्राम बोरी में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित पंकज शर्मा ने समाज में पांच परिवर्तन विषय पर चर्चा करते हुए अपने उद्बोधन बताया कि देश में पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता है पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक कार्य वृक्षारोपण जंगल का बचाव पानी का संरक्षण एवं सदुपयोग तथा बरसात के पानी का संग्रह। कुटुंब प्रबोधन विषय पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि हिंदू परिवार पहले संयुक्त होते थे जिसमें संपूर्ण परिवार एक छत के नीचे निवास करता था और एक ही चूल्हे में भोजन बनता था आज परिवार में विघटन होता जा रहा है जो की समाज के लिए नुकसानदायक है इसलिए आवश्यक है कि सप्ताह में काम से कम एक दिन पूरा परिवार एक साथ बैठकर भोजन करें साथ बैठने से एक दूसरे के विचार समझना एवं समस्याएं समाधान करने का अवसर मिलता है बच्चों को संस्कार माता-पिता से मिलते हैं अबोध बालकों के सामने पारिवारिक विवाद परिवार विघटन का कारण बनता है इसलिए बच्चों को परिवार जोड़ने वाले संस्कार की आवश्यकता है। नागरिक कर्तव्य के विषय में चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि हमारे देश में राष्ट्र सर्वोपरि है और राष्ट्रभक्ति का भाव प्रत्येक नागरिक में होना चाहिए। स्व का बोध प्रत्येक देशवासी में होना चाहिए स्व से तात्पर्य स्वदेशी का उपयोग स्वदेश से प्यार शिवम में क्या हूं और समाज में मेरी कैसी भूमिका होनी चाहिए इसका ज्ञान प्रत्येक देशवासी के लिए आवश्यक है। मुख्य वक्ता के उद्बोधन के पश्चात भारत माता की आरती एवं समरसता भोज का आयोजन रखा गया। मंच संचालन शिवनारायण पटेल द्वारा किया गया सम्मेलन में खंड संघ चालक संदीप महेश्वरी वरिष्ठ स्वयंसेवक धर्मपाल जाट सरपंच मनीषा, राकेश, दर्शिमा, रईस पटेल ,राघवेंद्र आदि मौजूद थे।

## भारतीय ज्ञान परंपरा पर वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ

# युवा पीढ़ी को संस्कृति और परंपरा से जोड़ें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय भारतीय ज्ञान परंपरा की वार्षिक कार्यक्रम की कड़ी में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कामिनी जैन, डॉ भारती दुबे, कार्यक्रम प्रभारी आरके चौकीकर ने मंच पर अपनी गरिमामई उपस्थिति प्रदान की। मां सरस्वती की पूजन, दीप प्रज्ज्वलन एवं स्वागत उपरान्त कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कामिनी जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी को पुनः अपनी संस्कृति और परंपरा से जोड़ना है। यह परंपरागत गायन हमारी परंपरा, दैनिक जीवन का प्रतिनिधित्व करने के साथ साथ मौखिक रूप से ज्ञान का संचार करता है। यह हमारी प्राचीन कला एवं लोक जीवन प्रदर्शित करने वाले हैं। लोकगीत एवं लोक नृत्य सांस्कृतिक पहचान और विरासत का संरक्षण करते हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय भाषा और बोलियां का प्रयोग सांस्कृतिक विविधता को दर्शाता है। गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। निर्णायक के रूप में डॉ भारती दुबे, डॉ हर्षा चचाने, डॉ निशा रिछारिया ने अपनी गरिमामय में उपस्थिति प्रदान की। कार्यक्रम का सफल संचालन आरके चौकीकर ने एवं आभार डॉ सी एस राज ने किया। संगीत विभाग के विभागाध्यक्ष प्रेमकांत कटंगकार ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस कार्यक्रम में डॉ आर बी शाह, डॉ वैशाली लाल, डॉ दुर्गेश तेली, डॉ धर्मेंद्र सिंह, डॉ हेमंत चौधरी, डॉ रफीक अली, डॉ कीर्ति दीक्षित, डॉ रीना मालवीय, डॉ प्रगति जोशी, प्रीति मालवीय, डॉ मनीषा तिवारी, प्रीति ठाकुर, डॉ श्रद्धा गुप्ता, अंकिता तिवारी, कुमारी श्वेता वर्मा कुमारी रैनी राजपूत, अजय तिवारी, डॉ वंदना, दीपिका राजपूत, देवेंद्र सैनी, शुभम भद्रे महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

### परेशान महिला ने एसपी से की शिकायत, दर्ज हुआ मामला

**नर्मदापुरम।** संतोषी बाई राजपूत पति. स्व. शैतान सिंह राजपूत फुरसत मोहल्ला ने आरोपियों द्वारा धमकी देने और अब तक उन पर कार्रवाई नहीं होने को लेकर पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। आरोपी गांव में ही रहने वाले हैं जो अब तक अरेस्ट नहीं हो सके हैं। संतोषी बाई ने बताया कि 12 दिसंबर को उनकी पुत्री पूजा राजपूत अपने प्लाट की सफाई कर रही थी उसी समय पड़ोसी सुरेन्द्र राजपूत, मोना राजपूत एवं कला बाई राजपूत द्वारा उनकी पुत्री के साथ अभद्र व्यवहार किया गया, गाली गलौज कर झूमाझटकी। डोलरिया में थाना स्तर पर मेरी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। पड़ोसियों द्वारा मेरी पुत्री को जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने मोना, कला और सुरेंद्र के खिलाफ केस दर्ज कर लिया लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है।

### राष्ट्रीय बजरंग दल की जिला टोली बैठक आयोजित

**नर्मदापुरम।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की जिला टोली बैठक ग्राम हिरण खेड़ा में माता माई की मडिया पर संयुक्त केंद्रीय महामंत्री प्रदीप गौर के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। बैठक में प्रांत महामंत्री संजीव पटेरिया ने आगामी कार्य योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए पूर्व में किए गए कार्यों की समीक्षा की । जिला अध्यक्ष राजीव गौर ने फरवरी माह में उज्जैन में होने वाले राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय महा अधिवेशन में अधिक से अधिक लोगों को चलने का आग्रह किया। इसमें जगबीर राजवंशी, केके तिवारी , कैलास गौर गजेंद्र राव, कार्यकारिणी अध्यक्ष राणा रणजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### उड़ गए दिवस पखेरू पुस्तक का विमोचन आज

**नर्मदापुरम।** वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद शर्मा द्वारा ग्रामीण परिवेश पर लिखी पुस्तक उड़ गए दिवस पखेरु का विमोचन 22 जनवरी को होगा। उक्त कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डोंगरवाड़ा जगन्नाथ मंदिर के अर्चक बाबाजी प्रसाद दास, विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, पूर्व मंत्री माधव सिंह दांगी, साहित्यकार अशोक जमनानी, समेरिटंस ग्रुप के डायेक्टर डॉ आशुतोष शर्मा उपस्थित रहेंगे। ज्ञात रहे कि उक्त पुस्तक को साहित्य अकादमी मप्र द्वारा अनुदान भी दिया जा चुका है।

### मांगों को लेकर पेंशनरों का ज्ञापन

**नर्मदापुरम।** मंगलवार को सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स महासंघ द्वारा पेंशनर्स की विभिन्न लंबित मांगों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश के नाम एक ज्ञापन कलेक्टर प्रतिनिधि के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन में महासंघ ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य के पेंशनर्स लंबे समय से कई महत्वपूर्ण मांगों को लेकर प्रतीक्षारत हैं, लेकिन अब तक इनका समाधान नहीं होने से पेंशनर्स में गहरा असंतोष व्याप्त है।

## मां नर्मदा को धन्यता प्रकट करने 'निर्झरणी महोत्सव' 24 और 25 को होगा

# सतरंगी रंगों से सजे मां नर्मदा के सभी घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कल-कल बहती मां नर्मदा का जन्मोत्सव और नगर के गौरव दिवस पर मप्र शासन, संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पवित्र माँ नर्मदा को धन्यता प्रकट करने के उद्देश्य से 'निर्झरणी महोत्सव' किया जा रहा है।





यह महोत्सव 24 एवं 25 जनवरी को आायोजित होगा। संचालक, संस्कृति एनपी नामदेव ने बताया कि नर्मदा केवल नदी नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और सभ्यता की शाश्वत धरोहर है। उनके किनारों पर संस्कृतियाँ और परम्पराएं बसती हैं। आने वाली पीढ़ी अपनी विरासत और संस्कृति के महत्व को जान और समझ सके, इसी विचार के साथ संस्कृति विभाग द्वारा निर्झरणी महोत्सव का आयोजन मप्र में माँ नर्मदा के 11 पवित्र घाटों पर किया जा रहा है। महोत्सव में 24 जनवरी को श्वेता शर्मा एवं साथी, भोपाल द्वारा नर्मदा केन्द्रित नृत्यनाटिका एवं रवि त्रिपाठी एवं ग्रुप, मुम्बई द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुति दी जायेगी। कार्यक्रम में 25 जनवरी को फूलसिंह माण्डरे एवं साथी, भोपाल द्वारा बुंदेली लोकगायन की प्रस्तुति दी जायेगी। वहीं, माधवी मधुकर झा एवं साथी, मुम्बई द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुति दी जायेगी। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। वहीं राजस्थान के धौलपुर पत्थरों से निर्मित नर्मदापुरम के नवीन प्रवेश द्वार का लोकार्पण प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 25 जनवरी को किया जाएगा। यह लोकार्पण मां नर्मदा प्रकटोत्सव एवं नर्मदापुरम जिले के गौरव दिवस के अवसर पर प्रस्तावित है।

### अंतिम चरण में काम

भोपाल तिराहे का सौंदर्यीकरण कार्य अंतिम चरण में है। इस सौंदर्यीकरण के अंतर्गत राजस्थान के धौलपुर पत्थरों का उपयोग कर सुंदर संरचना का निर्माण किया जा रहा है। तिराहे पर मां नर्मदा की लगभग 5 फीट की प्रतिमा स्थापित की जाएगी, साथ ही 9 फीट ऊंचा त्रिशूल भी लगाया जाएगा। इस संरचना से नर्मदापुरम के धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परिवेश को अलग पहचान प्राप्त होगी। शहर में तैयार किया जा रहा यह नवीन प्रवेश शहर में प्रवेश करने वाले आगंतुकों के लिए मां नर्मदा की महिमा का बखान करता हुआ प्रतीत होगा।। मां नर्मदा प्रकटोत्सव के दृष्टिगत शहर के समस्त घाटों पर साज-सज्जा एवं सफाई कार्य निरंतर जारी है। घाटों की दीवारों पर विभिन्न प्रकार की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कलाकृतियां उकेरी गई हैं। मुख्य कार्यक्रम स्थल सेठानी घाट पर आकर्षक रंग-रोगन का कार्य किया गया है।

### नर्मदापुरम ने उज्जैन के खिलाफ बनाए 613 रन

**नर्मदापुरम।** हीरालाल गायकवाड़ ट्रॉफी अंडर-18 बालक वर्ग प्रतियोगिता के तीसरे दौर में नर्मदापुरम संभाग का सामना उज्जैन संभाग से जबलपुर में खेला जा रहा है । नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ के मानसेवी सचिव प्रदीप तोमर ने बताया कि नर्मदापुरम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अथर्व पटेल की 300 रनों की नाबाद पारी की बदौलत पहली पारी में 613 रन 9 विकेट खो कर पारी घोषित कर दी।नर्मदापुरम टीम के अन्य बल्लेबाजों ने अथर्व का बखूबी साथ निभाया जिसमें सिद्धार्थ सिंमैया 55 रन,रिद्धेश मेहता 55 रन 1, प्रियव्रत पटेल 45 रन,तनिष्क सोलंकी 35 रन और शिखर देशमुख ने 28 रनों की महत्वपूर्ण पारियां खेली।

## ग्रामोदय से अभ्युदय मप्र अभियान ग्राम स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् के अंतर्गत संचालित ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के तहत सेक्टर स्तरीय ग्रामोत्सव का शुभारंभ नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति माखन नगर के माध्यम से ग्राम गूजरवाड़ा से किया गया। उपस्थित लोगों को नीतिराज सिंह यादव ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की अवधारणा से अवगत कराते हुए स्वदेशी अभियान की शपथ दिलाई। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष गेंदालाल यादव ने सी एम सी एल डी पी के बारे में बताया। इस अवसर पर नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति प्रमुख नीतिराजसिंह यादव ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गूजरवाडा अध्यक्ष गेंदालाल यादव, शुभम गोस्वामी,तारेश परसाई, तिलक यादव, सतीश यादव कोटगांव, बलराम यादव, अखिलेश यादव, रामस्नेही यादव,रीता, यशोदा,पायल, पूजा, रक्षा, प्रदीप यादव, चन्द्रमोहन यादव, मुन्नालाल यादव एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहें।

**खबर संक्षेप**

### 25 जनवरी को मनाया जाएगा 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**बैतूल।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में 25 जनवरी को 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले के समस्त शासकीय विभागों, पीएसयूएस एवं कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई जाएगी। इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम मेरा भारत, मेरा वोट रखी गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि मध्य प्रदेश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिन कार्यालयों में 24 और 25 जनवरी को अवकाश रहेगा, वहां 23 जनवरी 2026 दिन शुक्रवार को मतदाता शपथ दिलाई जाएगी। अन्य स्थानों पर 25 जनवरी दिन रविवार को सुबह लगभग 11 बजे अथवा दिन में किसी भी उपयुक्त समय पर शपथ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सूर्यवंशी ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किया जाए।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मासोद में कुष्ठ विकृति व बचाव शिविर का आयोजन



**बैतूल।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मासोद में 21 जनवरी को कुष्ठ विकृति एवं बचाव शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मनोज कुमार हुरमाडे ने बताया कि शिविर में 17 मरीज का जल तेल उपचार विधि से हाथ पैरों की देखभाल करना सिखाया गया, ताकि उनके हाथ पैरों में कृत्रिम पसीना बनना शुरू रहे, जिससे हाथ पैर नरम रहे और नरम रहने पर हाथ पैर नहीं फटेंगे तो पैर हाथों में घाव नहीं होगा। हाथ पैरों में शून्यपन के कारण विकृति ना हो इसके लिए जल तेल उपचार विधि के द्वारा कृत्रिम पसीना बनाने की प्रक्रिया मरीजों को सिखाई गई। शिविर में 6 कुष्ठ मरीजों को एमसीआर से बनी हुई जूते एवं सेंडल प्रदान किए गए एवं अल्सर वाले मरीजों को दवाइयां दी गई। इस अवसर पर जल तेल उपचार संबंधी शपथ भी दिलाई गई। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप धुर्वे द्वारा मरीजों को नियमित रूप से कुष्ठ की दवाएं एवं सावधानी बरतने की सलाह दी गई। शिविर में एनएमएम सुल्तान सिंह नरवरिया, राजेश महतो, लिखीराम सागरे ने अपनी सेवाएं दीं।

## भैंसदेही विधायक और जिला कलेक्टर पहुंचे जिला अस्पताल, बेहतर उपचार के दिए निर्देश

# स्कूल वैन और तूफान जीप की टक्कर छात्रा की मौत,11 बच्चे घायल, 5 गंभीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

भैंसदेही में गुदगांव रोड पर बुधवार सुबह गैस गोदाम के पास स्कूल वैन और तूफान जीप वाहन की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में जहां एक छात्रा की मौके मौत हो गई, वहीं 15 बच्चे घायल हुए है। जिसमें से 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार तूफान जीप के ड्रायवर की तलाश जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वैदिक विद्या संस्कार पीठ की स्कूल वैन और तूफान वाहन के बीच टक्कर में 7 वर्षीय छात्रा हर्षिता पाटणकर पिता पवन निवासी हनुमान धाना की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक बच्ची स्कूल वैन चालक सोनू पाटणकर की भतीजी थी और हादसे के वक्त वह उसके पास की सीट पर बैठी थी। बताया जा रहा है कि वैन में कुल 16 बच्चे सवार थे। हादसे में ड्राइवर सोनू पाटणकर भी स्टीयरिंग में फंस गया था, जिसे बाद में स्थानीय लोगों ने बाहर निकाला। टक्कर के बाद वैन पूर्णा नदी के पास पलट गई। सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैंसदेही ले जाया गया, जहां से गंभीर बच्चों को जिला अस्पताल बैतूल एवं फिर एम्स भोपाल रेफर किया गया है।



### रेड क्रॉस मद से तत्काल 25 हजार राशि देने के निर्देश

जिला कलेक्टर ने सडक दुर्घटना में मृतक बच्ची के परिजनों को रेड क्रॉस मद से तत्काल 25 हजार की राशि देने के निर्देश दिए। साथ ही गंभीर रूप से घायलों को 10-10 हजार की राशि देने के लिए निर्देशित किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को बच्चों को अच्छा से अच्छा उपचार करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, सिविल सर्जन डॉ. मनोज हुरमाड़े सहित अन्य डाक्टर एवं अधिकारी मौजूद रहें। एसडीएम भैंसदेही ने बताया कि बुधवार सुबह घटित सडक दुर्घटना में कुल 16 बच्चे वाहन में शामिल थे, जिनमें 1 चालक भी था। दुर्घटना में 1 बच्ची की मृत्यु हो गई है तथा 15 बच्चे और ड्राइवर घायल हुए हैं। घायलों में से 10 बच्चे एवं चालक को बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय बैतूल रेफर किया गया है। शेष घायलों का उपचार भैंसदेही में जारी है। यह दुर्घटना बोलेरो वाहन की टक्कर से हुई हैं।

### विधायक- कलेक्टर पहुंचे जिला अस्पताल, घायल बच्चों का जाना हाल

घटना के जानकारी मिलते ही भैंसदेही के विधायक महेन्द्र सिंह चौहान भी जिला अस्पताल पहुंचे और हादसे के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने घटना पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए प्रशासन से जल्द से जल्द घायलों का बेहतर उपचार करने एवं आर्थिक सहायता राशि देने की मांग की। इधर जिला कलेक्टर ने भी जिला अस्पताल पहुंचकर घायल बच्चों के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सीएमएचओ को निर्देश दिये कि घायल बच्चों को त्वरित और बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने सडक दुर्घटना में घायल बच्चों की जानकारी प्राप्त होते ही एसडीएम भैंसदेही, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बैतूल एवं सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय बैतूल को निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायल बच्चों के स्थिति और उपचार के सम्बन्ध में सीएमएचओ से जानकारी भी ली। उन्होंने गंभीर रूप से घायल दो बच्चे और स्कूल वैन के वाहन चालक को एम्स भोपाल भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने रेफर करने संबंधी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

### नौकरी लेने वाले नहीं देने वाले बनेः विधायक

**बैतूल/भैंसदेही।** वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री गंजन सिंह कोरकू शासकीय महाविद्यालय भैंसदेही में युवा संगम कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भैंसदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक महेंद्र सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद प्रयास केवल नौकरी प्राप्त करने का नहीं होना चाहिए। हमें इस दृष्टि से भी सोचना चाहिए कि हम अपने स्तर पर स्वरोजगार प्रारंभ कर दूसरों को नौकरी देने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित बनाने का जो लक्ष्य है, उसके लिए हम स्वरोजगार के माध्यम से योगदान दे सकते हैं। स्वरोजगार के लिए शासन के द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है। भैंसदेही क्षेत्र में निजी स्कूल की वैन दुर्घटनाग्रस्त होने के संबंध में उन्होंने कहा कि प्रशासन क्षेत्र के समस्त निजी स्कूलों के वाहनों की मॉनिटरिंग करें। युवा संगम कार्यक्रम तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग , सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग तथा महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में ट्राइडेंट ग्रुप, वर्धमान फैब्रिक्स बुधनी, यशस्वी ग्रुप भोपाल समेत 12 कंपनिया सम्मिलित हुई। शिविर में 220 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया। कंपनियों द्वारा 103 आवेदकों का प्रारंभिक रूप से चयन कर लेटर ऑफ इंटेंट प्रदान किया गया।

#### नगरपालिका की साधारण सभा की बैठक

## 33 बिंदुओं पर चर्चा, सड़क, प्रकाश व्यवस्था सुधारने पर हुआ विचार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

नगरपालिका परिषद में साधारण सभा की बैठक बाल मंदिर सभागार में आयोजित की गई। बैठक में 33 बिंदुओं के एजेंडे पर चर्चा की गई। इसमें नपाध्यक्ष बैतूल पार्वती बारस्कर, उपाध्यक्ष महेश राठौर, पूर्व अध्यक्ष आनंद प्रजापति, सीएमओ सतीश मटसेनिया सहित अधिकांश पार्षद उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत में ही एजेंडा कॉपी समय पर उपलब्ध न कराए जाने को लेकर पार्षदों ने नाराजगी जताई। कई पार्षदों ने कहा कि वे लगातार अपने-अपने वार्डों की समस्याएं उठा रहे हैं, लेकिन उन पर ठोस कार्रवाई नहीं हो रही, जिससे कुछ देर के लिए बैठक का माहौल गरमा गया। बैठक में प्रमुख रूप से घर-घर कचरा संग्रहण के ठेके को दो माह का एक्सटेंशन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत उपभोक्ता शुल्क बढ़ाने, रात्रिकालीन सफाई के लिए निजी ठेकेदार के माध्यम से 100 श्रमिक रखने, नगर में प्लास्टिक एवं डिस्पोजल फ्री विवाह को बढ़ावा देने तथा स्वच्छता और सड़क प्रकाश व्यवस्था सुधारने जैसे प्रस्तावों पर विचार किया गया। इसके अलावा कई वार्डों में सीसी रोड, नाली और पेविंग ब्लॉक निर्माण कार्यों की स्वीकृति पर भी चर्चा हुई।


#### सामी मेरे सामी... और पिंगा ग पोरी... पर खूब झूमे दर्शक

## पार्श्व गायिका रागिनी शिंदे ने ढाई घंटे दी धमाकेदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

श्रीश्री 1008 बाबा मठारदेव के मेले में आनंद उत्सव 2026 के तहत मंगलवार रात इंडियल आइडल फेम मुंबई की पार्श्व गायिका रागिनी शिंदे ने अपने सुरीले गीतों की प्रस्तुति दी। रंगारंग लाइटिंग, डिजीटल साउंड इफैक्ट्स के बीच रागिनी शिंदे ने ढाई घंटे तक लगातार प्रस्तुति दी। रागिनी शिंदे के कार्यक्रम ने नगर पालिका क्षेत्र में बेस्ट प्रोग्रामों में एक और रिकॉर्ड। कायम कर दिया। कार्यक्रम देखने हजारों लोग पहुंचे। नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा 12 से 22 जनवरी तक बाबा मठारदेव मेले का आयोजन किया जाता है। इसके तहत मेले में आनंद उत्सव 2026 के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

मंगलवार 20 जनवरी रात 8 बजे से रागिनी शिंदे के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, पार्षदगणों, बबला शुक्ला, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने मंच पर रागिनी शिंदे का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। हजारों लोगों के बैठने के लिए नगर पालिका परिषद सारनी ने बेहतर व्यवस्था कर रखी थी। अतिरिक्त एलईडी पर रागिनी शिंदे का लाइव परफॉर्मेंस दिखाया गया। रागिनी ने नमः शिवाय से कार्यक्रम का आगाज किया। इसके बाद उन्होंने लगातार करीब ढाई घंटे में 40 गीतों की धमाकेदार प्रस्तुति दी। सजना है मुझे सजना के लिए, ओ मेरे सोना रे सोना, झुमका गिरा रे बरेली के बाजार में, ये समां है प्यार का, ओ मेरे दिल के चैन, पिया तू अब तो आ जा, जैसे गीत सुनाए। लोगों ने खूब तालिया बजाई। हंसता हुआ नूरानी चेहरा, निगाहें मिलाने को जी चाहता है गीत को सराहा गया। दिल दीवाना बिन सजना के माने ना...मराठी लावणी मला जाऊ द्या ना घरी, अता वाजते की बारां पर लोग झूमने लगे। जब छाए तेरा जादू जैसे गीतों को लोगों ने सराहा।



#### ठीक से नहीं की मरम्मत, लोगों में नाराजगी

## अमृत जल योजना की पाइप लाईन बिछाने खोद दी सड़कें

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाहपुर

नगर के वार्ड में अमृत जल योजना के लिए पाइपलाइन बिछाई खुदाई का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य को लेकर लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि खुदाई का कार्य ठीक ढंग से नहीं किया जा रहा है। नालियां खोदने और पाइप लाइन बिछाने के बाद सडक़े पूरी तरह बिखर गई है। सडकों पर गड्ढे ही नजर आ रहे है। अच्छे से गड्ढे नहीं भरे जाने की वजह से लोगों और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर वासियों का कहना है कि जैसे पहले हमारी सडक़ और नाली थी, कम से कम उसे उसी तरह की शीघ्र कर दी जाए। नागरिकों ने बताया कि वार्ड में साफ सफाई कर्मचारी आते है, ना ही हफ्तों से कचरा गाड़ी कचरा लेने नहीं आई। वार्ड वासियों का कहना है कि अमृत जल योजना के लिए पाइप बिछाने के लिए वार्डो की सडक़ों को खोदकर खराब कर दिया गया। वार्डवासिसों ने सडक़ों की ठीक से मरम्मत किये जाने की मांग की है। इस संबंध में नगर परिषद अध्यक्ष विक्की रोहित नायक शाहपुर ने बताया कि अमृत जल योजना में जो सडक़ क्षतिग्रस्त हुई है, उन्हें बारिश के पूर्व जैसा का वैसा बनवा दिया जाएगा।



## क्रिकेट खेलने के विवाद में हुई हत्या के आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

क्रिकेट खेलने के विवाद में हुई हत्या के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार थाना गंज में 19 जनवरी को फरियादी प्रीति तोमर पति पंकज तोमर (27) निवासी नागदेव मंदिर के पीछ दुर्गा वार्ड बैतूल द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आरोपीगण तनिष्क उर्फ पुनित कहार एवं दीपक धुर्वे, दोनों निवासी बैतूल



द्वारा क्रिकेट खेलने की बात को लेकर मृतक मोहित पंवार के साथ गाली-गलौच की गई तथा बैट से मारपीट कर गंभीर चोटें पहुंचाई गईं। गंभीर रूप से घायल मोहित पंवार को उपचार हेतु भोपाल रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। रिपोर्ट पर थाना गंज में धारा 103(1), 115(2), 3(5) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम का गठन कर मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साधनों के माध्यम से आरोपियों की तलाश की गई।

## मुलताई के होनहारों का चला जादूः खेलो एमपी यूथ गेम्स में तीन बच्चों ने जीते कुल 15 पदक

**मुलताई।** नगर के लिए यह गर्व और हर्ष का क्षण है। खेलो एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय स्विमिंग प्रतियोगिता में नगर के तीन होनहार तैराकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 15 पदक अपने नाम कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को आयोजित इस प्रतियोगिता में मुलताई वीआईपी स्कूल के कार्तिक बुवाड़े, संदीपनी स्कूल के सौमित्या पाठेकर एवं यश मंडल ने सहभागिता की।




#### ब्लॉक कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद व साधु-संतों पर लाठीचार्ज सनातन धर्म का अपमान

### भाजपा सरकार को जन विरोधी बताते हुए बर्खास्तगी की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मुलताई द्वारा भाजपा सरकार पर दोहरे मापदंड अपनाने, जनविरोधी नीतियां लागू करने एवं सनातन धर्म की अवहेलना करने के गंभीर आरोप लगाते हुए महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (प्रशासन) के माध्यम से सौंपा गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मुलताई के अध्यक्ष एवं अधिवक्ता अरूण यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता हाथ में तिरंगा लेकर रैली के शक्ल में भाजपा सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे जहां 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम अनुविभागीय अधिकारी को सौपा गया। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि वर्तमान भाजपा सरकार के कार्यकाल में देश में अराजकता, भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी एवं धार्मिक असहिष्णुता चरम पर पहुंच गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का आचरण दोहरे चरित्र वाला है, जिससे समाज के विभिन्न वर्गों में असंतोष व्याप्त है। ज्ञापन में बताया कि प्रयागराज में मौनी अमावस्या के दिन जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज एवं साधु-संतों पर लाठीचार्ज कर उन्हें स्नान से रोका जाना सनातन धर्म का अपमान है।



#### अपहृत युवक को सुरक्षित किया मुक्त

## अपहरण कर फिरौती मांगने वाले चार आरोपी हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

पुलिस ने अपहरण कर फिरौती मांगने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं अपहृत युवक को सकुशल बरामद किया है। 20 जनवरी को फरियादी प्रहलाद पिता संतराम अमरघड़े (50) निवासी खेडी सावलीगढ़ द्वारा थाना कोतवाली में सूचना दी गई कि उनके किरायेदार प्रदीप सिरसाम को कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कार में बैठाकर अपहरण कर लिया गया है तथा उसके पिता से 40,000 रुपये की फिरौती की मांग की जा रही है। फोन पर मारपीट एवं गाली-गलौज की आवाजें भी सुनाई दे रही थीं। सूचना पर थाना कोतवाली में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अपहृत युवक के मोबाइल लोकेशन, तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस चौकी खेडी सावलीगढ़ एवं थाना झल्लार के पुलिस स्टाफ द्वारा संयुक्त रूप से त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम ठेमगांव, थाना भैंसदेही से अपहृत प्रदीप पिता लच्छीराम सिरसाम (19) को सुरक्षित बरामद किया गया तथा घटनाकारित 04 आरोपियों को अभिरक्षा में लिया गया। जिसमें रितेश पिता वामनराव सोनारे, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम महदगांव, राहुल पिता दिलीप घानेकर, उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम महदगांव, जगदीश उर्फ जग्गू पिता कैलाश गोस्वामी, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम खेडी सावलीगढ़ और दुर्गेश पिता चंद्रशेखर पाठक, उम्र 39 वर्ष, निवासी इंद्रा कॉलोनी सदर, बैतूल शामिल है। पूछताछ में आरोपियों द्वारा अपहृत युवक के पिता से फिरौती मांगना स्वीकार किया गया।

#### बैतूल स्टेशन पर वाटर वेंडिंग मशीन का हुआ उद्घाटन

## अब कम मूल्य पर उपलब्ध होगा ठंडा पानी, रेल यात्रियों हेतु पानी की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

बैतूल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए एक नई सुविधा की शुरुआत की गई है। स्टेशन क्रमांक 1 और 2 पर बुधवार 21 जनवरी को वाटर वेंडिंग मशीन का उद्घाटन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य यात्रियों को ठंडा और शुद्ध पानी सस्ती कीमत पर उपलब्ध कराना है। यह उद्घाटन स्टेशन मैनेजर श्री बागडे और उनके स्टाफ के सभी अधिकारियों तथा राघव इंजीनियरिंग वर्कर्स के सभी वर्कर्स की उपस्थिति में हुआ। जिनमें राघव इंजीनियरिंग के संचालकद्वय राहुल अग्रवाल व प्रभव अग्रवाल, सचिन पाटनकर, सुमित सरले, जितेंद्र सिंग, मदन गोपाल आदि शामिल थे। उन्होंने इस नई सुविधा के उद्घाटन में सक्रिय भूमिका निभाई और यह सुनिश्चित किया कि यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण सेवा मिल सके।




लाइसेंसधारी राहुल ज्ञान अग्रवाल ने बताया कि अब रेल यात्रियों को ठंडा पानी अन्य स्थानों की तुलना में कम मूल्य पर उपलब्ध कराया जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि पानी न केवल ठंडा हो, बल्कि उसकी शुद्धता भी पूरी तरह से बनी रहे। इस पहल से यात्रियों को न केवल राहत मिलेगी, बल्कि उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को भी कम किया जा सकेगा, क्योंकि शुद्ध पानी का सेवन उनकी सेहत के लिए फायदेमंद रहेगा।

यह कदम बैतूल रेलवे स्टेशन पर यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण सुधार है, जो गर्मी के मौसम में अक्सर पानी की कमी और उच्च कीमतों का सामना करते हैं। इस पहल से अब उन्हें न केवल किफायती दरों पर पानी मिलेगा, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया गया है कि पानी पूरी तरह से सुरक्षित और स्वच्छ हो।

## बसंत पंचमी पर तिवारी करेंगे औषधि वितरण

**इटारसी।** बसंत पंचमी महोत्सव पर मनोहर श्याम पंसारी संस्थान में निशुल्क स्मृति वृद्धि औषधि का छात्रों और विद्यार्थियों को किया जाएगा। मनोहर श्याम तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष भर विभिन्न अवसरों पर संस्थान द्वारा पीड़ित मानवता की सेवा के लिए निशुल्क औषधि का वितरण किया जाता रहा है इसी के अंतर्गत प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बसंत पंचमी सरस्वती पूजन के दिन छात्रों की स्मरण शक्ति बढ़ाने के लिए भी औषधि का वितरण किया जाएगा। 23 जनवरी को यह वितरण पुरानी इटारसी स्थित आजाद चौक मनोहर श्याम पंसारी की दुकान से किया जाएगा। जो भी छात्र-छात्राएं लाभ लेना चाहते हैं वह सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

## कर्मचारी संघ की इटारसी कार्यकारिणी का गठन

**इटारसी।** मप्र अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ द्वारा संगठन की इटारसी तहसील कार्यकारिणी का गठन किया गया। पुरानी इटारसी ओवरब्रिज के नीचे स्थित अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के कार्यालय में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिला महासचिव पुनीत गोहर ने नियुक्ति पत्र सौंपा।

### जहां नागरिक, वहीं नगर पालिका शिविर के माध्यम से किया जा रहा समाधान

# शहर के लिए अतिक्रमण बना सबसे बड़ी परेशानी, दर्जन से अधिक आवेदन आए

शहर में नगर पालिका प्रशासन लगातार नागिरकों की समस्या निराकरण के लिए कार्य कर रही है। वार्डो में लगातार शिविर के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए जाते है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर पालिका द्वारा "जहां नागरिक, वही नगर पालिका" अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 5 में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन साईं मंदिर, शिवराजपुरी कॉलोनी के मैदान में किया गया। शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद रमा अरविंद चंद्रवंशी, सहायक यंत्री मीनाक्षी चौधरी, आरआई गजेंद्र पांडे सहित नगर पालिका के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में नागरिकों की बड़ी संख्या में समस्याएं सामने आईं, लाभग 50 महिला पुरुषों ने समस्या दर्ज कराई। जिनमें अतिक्रमण सबसे प्रमुख मुद्दा बनकर उभरा।

नागरिकों ने एक दर्जन से अधिक आवेदन देकर सड़क व नालियों पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की मांग की। नपाध्यक्ष चौरे ने संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि सड़क और नालियों पर अतिक्रमण किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नागरिकों ने उम्मीद जताई कि शिविर में दिए गए आवेदनों पर शीघ्र अमल होगा।

**लापरवाही पर कार्रवाई:** नपाध्यक्ष ने सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर वार्ड पर्यवेक्षक प्रदीप मैना एवं संबंधित सुपरवाइजर के वेतन में कटौती के निर्देश दिए। ज्योति टेलर से प्रज्ञान स्कूल के बीच सफाई नहीं होने पर भी सख्त नाराजगी जताई गई। सभी को नागरिक हित में कार्य करने के निर्देश भी मौके पर दिए।

### यह शिकायतें और मांग बने शिविर के मुद्दे

**अतिक्रमण से रास्ते संकरे, आवागमन में परेशानी:**
नागरिकों का कहना है कि साईं मंदिर तक कई मकानों के सामने अतिक्रमण है, जिससे आवाजाही में भारी दिक्कत होती है। एक आवेदन में मांग की गई की ट्यूबवेल पंप पर रिटर्निंग वॉल और ऑटो स्विच लगाया जाय।

**नाली, सड़क व स्ट्रीट लाइट की समस्याएं:**
शौचालय का पानी नालियों में बहाए जाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश नगरपालिका अध्यक्ष ने दिए। हनुमान मंदिर मार्ग पर स्ट्रीट लाइट नहीं होने की शिकायत नागरिकों ने की। विकास परसाई के मकान से गजराज चौहान के मकान तक सीसी रोड निर्माण की मांग हुई। साईं मंदिर के सामने मुख्य नाली निर्माण की मांग हुई। कृष्ण विहार कॉलोनी में चार घरों में नाली का पानी भरने की समस्या सामने आई।

### शिविर में आई अन्य प्रमुख शिकायतें...

- नई चयन कॉलोनी में अवैध सब्जी बाजार हटाने का आवेदन।
- मिनी चयन कॉलोनी नगर पालिका को हैंडओवर करने की मांग।
- पाइपलाइन कनेक्शन बढ़ाने व नई लाइन डालने के आवेदन।
- शिवराजपुरी–कृष्ण विहार की मुख्य नाली की सफाई की मांग।
- मवेशियों व कचरा वाहन समय पर नहीं आने की शिकायत।
- रोड पर अतिक्रमण व निजी बगीचे से गंदगी फैलने की शिकायत।

### प्रसिद्ध तिलक सिंदूर मेला की व्यवस्था देखी

## एसडीएम शर्मा ने निरीक्षण में लिया मेला की तैयारियों का जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल तिलक सिंदूर में आगामी महाशिवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इटारसी से लगभग 18 किलोमीटर दूर पहाड़ी गुफा में विराजमान भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए इस वर्ष 14 से 16 फरवरी तक तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए इटारसी एसडीएम नीलेश शर्मा ने प्रशासनिक अमले के साथ मंदिर परिसर का निरीक्षण किया।

### इस प्रकार है बदला रूट

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने इस बार विशेष यातायात व्यवस्था की है। श्रद्धालु जमानी के रास्ते मंदिर पहुंच सकेंगे। मंदिर से वापसी के लिए तिलक सिंदूर से खटामा, अमांडा और तीखड़ रोड का उपयोग किया जाएगा।

### दिए आवश्यक निर्देश

एसडीएम शर्मा ने मंदिर की पुताई, गार्डन की सफाई, बिजली की सुचारू व्यवस्था और पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पानी की व्यवस्था के लिए स्टॉप डैम में गेट लगाए जाएंगे। अस्थाई शौचालयों का निर्माण होगा। वाहनों के लिए अलग से पार्किंग जोन बनाए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक और विभागीय अधिकारियों की पूरी टीम मौजूद रही, जिनमें तहसीलदार सुनीता साहनी, जनपद पंचायत केसला सीईओ सुमन खातरकर, एसडीओपी वीरेंद्र कुमार मिश्रा, और थाना पथरोटा प्रभारी संजीव पवार शामिल थे।

## हिंदू सम्मेलन की तैयारियों के लिए पशुपतिनाथ मंदिर में भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

श्रीकृष्ण बस्ती स्थित पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में आगामी 28 जनवरी को आयोजित होने वाले विशाल हिंदू सम्मेलन की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। बुधवार को मंदिर परिसर में विधिवत भूमिपूजन के साथ कार्यक्रम का श्रीगणेश किया गया।

आयोजन समिति के सदस्यों ने सबसे पहले भगवान पशुपतिनाथ को सम्मेलन का प्रथम निमंत्रण पत्र अर्पित किया, जिसके बाद आमंत्रण पत्रों का वितरण शुरू हुआ। नगर संयोजक ने बताया कि 28 जनवरी को कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। यह यात्रा पुराने जबलपुर गेट (बंगलिया) स्थित मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर पशुपतिनाथ धाम पहुंचेगी।

भूमिपूजन के दौरान सह संयोजक मनोज राय, नगर प्रचारक जितेंद्र सरयाम, राजकुमार बाबरिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। पदाधिकारियों ने नागरिकों से सम्मेलन में अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

## नगर कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन, जय स्तंभ चौक पर सीएम योगी का पुतला दहन किया, नेता बोले-संतों का अपमान बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नगर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में बुधवार को शहर के जयस्तंभ चौक पर उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने "योगी मुर्दाबाद" के नारे लगाए और संत समाज के कथित अपमान को लेकर आक्रोश व्यक्त किया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने कहा कि संतों का अपमान पूरे देश की आस्था पर प्रहार है, जिसे कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है और समाज को बांटने का काम कर रही है। ऐसे कृत्यों का कांग्रेस सड़क से सदन तक विरोध करेगी।

इस अवसर पर पंकज राठौर ने कहा कि भाजपा सरकार केवल दिखावे की राजनीति कर रही है और वास्तविक मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाया जा रहा है। अशोक जैन ने कहा कि धर्म और संतों के नाम पर राजनीति करना निंदनीय है। राजकुमार उपाध्याय ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकतंत्र में विरोध की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। किसान कांग्रेस अध्यक्ष एवं प्रदेश सचिव बाबू चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार हर वर्ग को ठगने का काम कर रही है, चाहे वह किसान हो, मजदूर हो या संत समाज। मोहन झलिया ने कहा कि कांग्रेस हमेशा सामाजिक सद्भाव और सम्मान की राजनीति करती रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुफरान अंसारी ने कहा कि देश की जनता अब भाजपा की नफरत की राजनीति को समझ चुकी है और आने वाले समय में इसका जवाब देगी।

इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख रूप से सोनू बकोरिया, शरद बामने, चंदू दुबे, पिंकी शर्मा, अभय दुबे, रामशंकर सोनकर, लक्की भाई, मनीष सोनी, मुकेश मोनी चंद्रवंशी, पप्पी कलोशिया चौधरी, राजेंद्र गोस्वामी, यूनुस पठान, कृष्णा चौधरी, अमित परदेशी, भरत राजपूत, मयंक कलोशिया, पप्पू साकल्ले, ओमप्रकाश सल्लाम सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि संत समाज के सम्मान से जुड़े मामलों में सरकार ने कार्रवाई नहीं की, तो आंदोलन को उग्र और व्यापक रूप दिया।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष पांडेय हुए भागवत कथा में सम्मिलित



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

बुधवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय, नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी, पुरानी इटारसी में स्थित वीर सावरकर स्टेडियम में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में अतिथि के रूप में पहुंचे एवं एवं खेल का आनंद लिया।

इसके बाद पुरानी इटारसी में कांग्रेस नेता अखिलेश पटेल चुन्ना भैया के निवास स्थान पर भंडारे में शामिल हुए। जिलाध्यक्ष पांडेय ने तवानगर में आयोजित भागवत कथा में शामिल होकर कथा का आनंद लिया। इसी क्रम में जिलाध्यक्ष पांडेय अपने साथी जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार, अतुल तिवारी, आकाश कुशराम एवं अनूप गांचले के साथ ग्राम सोन तलाई पहुंचे। जहां पर गोंडी समाज द्वारा आयोजित भागवत कथा में सम्मिलित होकर कथा का आनंद लिया।

कारगिल में शहीद हुए शाहीद विजय मसकोले की समाधि पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर रामपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राकेश मालवीय सहित अनेक कांग्रेस जन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## सोहागपुर जपं अध्यक्ष ने हाईवे से आते-जाते ट्रैक्टर और ट्रॉलियों पर लगाई रेडियम पट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर क्षेत्र में स्टेट हाईवे से उपज की बोरियां भरी सैकड़ों ट्रैक्टर ट्रालियां गुजरते हैं। जिनके पीछे ना इंडिकेटर होता है, ना बैक लाइट्स और ना ही रेडियम पट्टी लगी होती हैं। जिसके कारण रात्रि में सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। इन घटनाओं पर रोक के लिये शासन व प्रशासन स्तर पर प्रयास नहीं हो रहे हैं। जिसके चलते सोहागपुर जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल ने नव पहल की है। तथा रास्तों से गुज़रते ट्रैक्टर ट्राली रोककर उन पर रेडियम पट्टी लगाने का काम शुरू किया है।



पटेल ने कहा कि अंधेरे में ये ट्रैक्टर ट्रालियां नजर नहीं आते हैं। जिससे आए दिन गंभीर दुर्घटनाएं हो रही हैं। अतः दुर्घटनाएं रोकने के लिये वे एक छोटा सा प्रयास कर रहे हैं, जिसमें उन्होंने जन सहयोग की अपेक्षा भी की है।

### जानलेवा दुर्घटना से लिया सबक

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों रात्रि में ट्राली से ई-स्कूटर टकराने से तीन किशोर बालकों की मृत्यु हो गई थी। इस दुर्घटना से जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल ने सबक लिया। सड़क पर चलने वाली ट्रालियों के पीछे रेडियम पट्टी लगाने का काम कर रहे हैं।

पटेल के अनुसार सड़कों पर अधिकतर ट्रालियों के पीछे कोई संकेतक नहीं लगे होते हैं। जिन पर रात में पीछे से आते वाहन की लाइट में संकेतक दिखे व दुर्घटना ना हो।

जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल ने दिन्नू रेडियम व्यवसायी के सहयोग से ट्रालियों में रेडियम पट्टी लगाई। साथ ही ट्राली वालों को समझाइश दी कि हमेशा अपने वाहनों में रेडियम लगाएं, ताकि किसी की जान बच सके।

## कलार समाज समिति के निःशुल्क नेत्र शिविर में 273 मरीजों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिलारी में हहयक्षत्रिय कलार समाज समिति के माध्यम से निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया। कल्चुरी सेवा मंडल के द्वारा भोपाल के एक निजी अस्पताल के माध्यम से निशुल्क शिविर आयोजित किया। जिसमें 273 मरीजों ने जांच की गई थी। जिनमें से 86 मरीजो को चिन्हित कर बस के माध्यम से निशुल्क भोपाल भेजा गया।

इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाज के अध्यक्ष रामदास राय, पूर्व अध्यक्ष विनोद कटकवार, पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल,




अरविंद राय,सतीश जायसवाल, रितेश कटक बार, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजीव जायसवाल, प्रदीप राय, राजकुमार मालवीय,राजेश मनोज राय, जितेंद्र मालवीय महिला संगठन की अध्यक्ष रेखा जायसवाल, संतोष राय सहित सिविल अस्पताल के सहायक नेत्र चिकित्सक श्याम सोडानी सहित अन्य सभी शामिल हुए।

## खेलो मप्र यूथ कैंप में सोहागपुर की बालिका टीम का वर्चस्व, अब राज्य स्तर पर खेलेंगी 8 प्रतिभागी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

खेलो मप्र यूथ कैंप के तहत गत दिनों जिला स्तरीय खो-खो तथा कबड्डी प्रतियोगिता एनएमवी कॉलेज नर्मदापुरम में आयोजित की गई। जिसमें सोहागपुर ब्लॉक की बालिका टीम ने श्रेष्ठ खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।



आयोजन में नर्मदापुरम, सिवनी मालवा, बाबई, सोहागपुर, पिपरिया, बनखेड़ी, केसला की टीमें शामिल हुईं। ब्लॉक सोहागपुर की टीम कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम राउंड में सिवनी मालवा एवं फाइनल में नर्मदापुरम को हराकर विजेता बनी। सोहागपुर ने खो-खो प्रतियोगिता में प्रथम राउंड में नर्मदापुरम व फाइनल में सिवनी मालवा टीम को पराजित किया। अब कबड्डी और खो-खो के सोहागपुर ब्लॉक टीम की आठ प्रतिभागी राज्य स्तर पर खेलेंगी। बताया गया है कि ब्लॉक की टीम की समस्त बालिका खिलाड़ी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरी हरचंद में अध्यनरत हैं। छात्राओं को शिक्षक मुकेश कुमार रघुवंशी ने खेल की कोचिंग दी व उनका खेल कौशल निखारा है।

छात्राओं ने सांसद खेल प्रतियोगिता में भी विजेता का स्थान पाया था। टीम की उनकी सफलता पर सोहागपुर बीईओ, शाला प्राचार्य, वार्डन एवं ब्लॉक खेल प्रभारी हेमराज सिंह नागा व शिक्षकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## निशुल्क नेत्र शिविर संपन्न, 42 का होगा आंखों का ऑपरेशन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को निशुल्क नेत्र शिविर चिरायु हॉस्पिटल मेडिकल कॉलेज भोपाल के सहयोग से किया गया। शिविर जिला अंधत्व निवारण समिति नर्मदापुरम ने किया। जिसमें चिरायु हॉस्पिटल भोपाल के नेत्र विशेषज्ञों की टीम ने शिविर में 76 मरीजों के नेत्रों का परीक्षण किया।

परीक्षण उपरांत 42 मरीजों को ऑपरेशन के लिये भर्तीकर चिरायु हॉस्पिटल भोपाल ले जाया गया। ऑपरेशन पश्चात मरीज को वापस सोहागपुर छोड़ा जाएगा। मरीजों के लिये समस्त व्यवस्थाएं, ऑपरेशन, दवाएं, उपचार तथा परिवहन पूर्णतया निशुल्क प्रदान किये जाएंगे।

नेत्र शिविर बीएमओ डॉ. रेखा सिंह गौर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर की संपूर्ण व्यवस्था नेत्र सहायक अशोक कुमार शाक्य द्वारा की गई।

### इटारसी में जारी है संभाग स्तरीय पिट्टू प्रतियोगिता

## नर्मदापुरम विजेता, अब ग्वालियर में दिखाएगी दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वीर सावरकर स्टेडियम में आयोजित संभाग स्तरीय पिट्टू प्रतियोगिता में नर्मदापुरम जिले की बालक और बालिका दोनों टीमों ने अपना दबदबा कायम रखते हुए खिताबी जीत दर्ज की। बालक वर्ग के फाइनल में नर्मदापुरम ने रायसेन को 123-16 के विशाल अंतर से हराया, वहीं बालिका वर्ग में बैतूल को 88-40 से शिकस्त देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल और रायसेन की टीमों ने हिस्सा लिया। विजेता खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए एसडीएम नीलेश शर्मा, योगेंद्र सिंह राजपूत, जय किशोर चौधरी, शिवाकांत पांडे सहित कई गणमान्य



अतिथि उपस्थित रहे। पिट्टू संघ के जिलाध्यक्ष अशोक मालवीय और सचिव जाफर सिद्दीकी ने बताया कि इस प्रतियोगिता के आधार पर संभाग की 10-10 सदस्यीय टीम का चयन किया जाएगा।

चयनित खिलाड़ी 28 जनवरी से ग्वालियर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में नर्मदापुरम संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर खेल अधिकारी उमा पटेल, महेंद्र पचलानिया और अश्वनी मालवीय सहित खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### तवा नहर में गिरा अनियंत्रित ऑटो

बैतूल मार्ग पर पथरोटा और इटारसी थाने की सीमा पर स्थित तवा नहर में आज एक ऑटो रिक्शा गिरने की घटना चर्चा का विषय बनी रही। नहर में ऑटो गिरने के बाद किसी युवक के बह जाने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस अभी इस मामले में आधिकारिक पुष्टि करने से बच रही है। इटारसी टीआई गौरव सिंह बुंदेला के अनुसार, यह घटना बीती रात करीब 12 बजे की है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ऑटो चालक रितिक का कुछ लोगों से पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। रात में ये सभी लोग पैसे के काम से कहीं जा रहे थे, तभी ऑटो के भीतर ही उनमें कहासुनी और विवाद शुरू हो गया। विवाद के चलते ऑटो अनियंत्रित होकर सीधे नहर में जा गिरा। पुलिस जांच कर रही है।

## श्रीराम कथा के भंडारे से कराया बेघरों व ज़रूरतमंदों को भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



ब्रह्मलीन मानस गुरु पं. भागवत प्रसाद मुदगल दद्दा जी की जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष ब्रम्हलीन पं. मनमोहन मुदगल महाराज के आत्मिक सानिध्य में प्रतिवर्ष कथा आयोजन किया जाता है।

इस वर्ष का आयोजन भी गत दिनों श्रीशंभू दरबार में भंडारे के साथ संपन्न हुआ। भंडारे की प्रसादी का वितरण आयोजन संयोजक पं. प्रकाश मुदगल महाराज के सानिध्य में किया गया तथा राम-रहीम रोटी बैंक के माध्यम से बेघरों व ज़रूरतमंदों को भोजन कराया गया।

पं. मधुसूदन मुदगल ने बताया कि प्रतिवर्ष होने वाले कथा आयोजनों की श्रृंखला के 29 वें वर्ष में विशाल भंडारा आयोजित किया गया। उसके बाद श्री शंभू भक्त मंडल द्वारा जरूरतमंदों व नर्मदा परिक्रमावासियों को भोजन प्रसादी वितरित कर सराहनीय कार्य किया गया।

## खबर संक्षेप

### विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की सुनवाई 22 को

**हरदा।** जिले के विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की सुनवाई 22 जनवरी को वृत्त कार्यालय नर्मदापुरम में दोपहर 12 बजे से 4 बजे आयोजित की जाएगी। महाप्रबन्धक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी ने बताया कि फोरम में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया जाएगा। इस फोरम में हरदा उत्तर/ दक्षिण संभाग के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के आवेदन स्वीकार किये जायेंगे।

### गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने आज लगेंगे शिविर

**हरदा।** मप्र खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 3.0 के तहत निर्धन परिवारों को निःशुल्क गैस प्रदाय करने की प्रक्रिया आरंभ की गई है। जिला आपूर्ति अधिकारी हरदा ने बताया कि जिले के धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले में निवासरत अन्य जनजातीय परिवारों को गैस कनेक्शन प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर जारी किया जाएगा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत चयनित 103 ग्रामों की पंचायतों में निःशुल्क गैस उपलब्ध कराने के लिए गैस एजेन्सियों द्वारा शिविर आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने निर्देशित किया है कि इन शिविरों में गैस एजेन्सियां हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त कर परीक्षण उपरान्त गैस कनेक्शन देना सुनिश्चित करेंगे। जारी आदेश अनुसार 22 जनवरी को टिमरनी के ग्राम सलाई ठेकेदारी व आमसागर, खिरकिया के ग्राम बिचपुरी सर्कुलर, छुरीखाल, हरदा के ग्राम करनपुरा व झल्लार में शिविर आयोजित किये जायेंगे।

### कल से 26 तक कृषि उपज मंडी में नीलामी कार्य बंद रहेगा

**हरदा।** 23 से 26 जनवरी तक कृषि उपज मंडी प्रांगण हरदा में नीलामी कार्य बंद रहेगा। सचिव कृषि उपज मण्डी समिति हरदा ने बताया कि 23 जनवरी शुक्रवार को बसंत पंचमी होने तथा 24 जनवरी को माह का चतुर्थ शनिवार, 25 जनवरी रविवार तथा 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का शासकीय अवकाश होने के कारण मण्डी प्रांगण हरदा में कृषि उपजों का नीलामी कार्य बंद रहेगा।

### मदिरा के अवैध विक्रय व संग्रहण के विरूद्ध 8 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन व जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग के दल ने मंगलवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने हरदा के खेड़ीपुरा, टंकी मोहल्ला व पीलियाखाल, ग्राम सुल्तानपुर, रोलगांव, धूपकरण, छोटीबेड़ी, चारूवा तथा वार्ड क्रमांक 6 खिरकिया में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 26 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 950 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 8 प्रकरण दर्ज किये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 1,00,200 रूपये है।

### वृद्धजन अयोध्या-वाराणसी की यात्रा करेंगे

**हरदा।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत मध्यप्रदेश के ऐसे वरिष्ठ नागरिक को जो कि 60 वर्ष से अधिक आयु के हैं तथा आयकर दाता नहीं है, उन्हें प्रदेश के बाहर स्थित विभिन्न तीर्थ स्थानों की यात्रा मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत शासकीय खर्चे पर कराई जा रही है। मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत जिले की अयोध्या-वाराणसी तीर्थयात्रा के लिए आवेदन आमंत्रित किए गये हैं। यह यात्रा 1 से 6 मार्च तक आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले के 179 यात्री, तीर्थ यात्रा पर जायेंगे, जिनमें हरदा तहसील के 44, हंडिया के 19, टिमरनी के 34, रहटगांव के 19, खिरकिया के 34 व सिराली तहसील के 29 यात्री शामिल होंगे। इच्छुक वृद्धजन तीर्थ यात्रा के लिये 30 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं।

---

### एक दिवसीय बैठक जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर में संपन्न हुई

# जिले में लगाया जाएगा तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर: राजीव गुजराती

कार्यक्रम वन्दे मातरम, विजयी विश्व तिरंगा प्यारा झण्डा ऊंचा रहे हमारा के साथ राष्ट्रगान किया गया।




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले जाटव दलित चिंतक द्वारा एक दिवसीय बैठक जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर में सम्पन्न हुई, जिसमें अनेकों प्रस्ताव पास के साथ मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक अविनाश भार्गव तथा नरेन्द्र खंगराले द्वारा सेवादल कांग्रेस का बड़ा कार्यक्रम रखने का बैठक में प्रस्ताव रखा, जिसे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर जिला कांग्रेस सीहोर में लगाये जाने की घोषणा की।

कार्यक्रम वन्दे मातरम, विजयी विश्व तिरंगा प्यारा झण्डा ऊंचा रहे हमारा के साथ राष्ट्रगान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अम्बेडकर, डॉ.नारायण शुभ्भाराव हाडेकर तथा सीहोर के पूर्व विधायक शंकरलाल साबू के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया तथा पुष्पमालाओं से अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवादल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.अविनेश भार्गव थे तथा अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती द्वारा की गई। विशेष अतिथि के रूप में गजानन्द तिवारी प्रदेश अध्यक्ष म.प्र.सेवादल कांग्रेस यंग ब्रिगेड थे। दिनेश मेघानी प्रभारी जिला कांग्रेस कमेटी, पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, कैलाश परमार पूर्व अध्यक्ष नपा एवं जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बलवीर तोमर, कमलसिंह चौहान, युवक कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र ठाकुर, डॉ.अनीस खान, जफर लाला, सीताराम भारती, जितेन्द्र पंवार जिलाध्यक्ष सेवादल यंग ब्रिगेड थे। इस अवसर पर अविनेश भार्गव ने सीहोर जिले में वार्ड, ब्लाक तथा जिला स्तर पर सेवादल कांग्रेस को संगठित करने की बात कही। इस मौके पर राजीव गुजराती द्वारा सेवादल कांग्रेस को कन्धे से कन्धा मिलाकर तथा च_ान की तरह खड़े रहने की बात कही।



कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मुईन उद्दीन सिद्दिकी, निहाल अहमद, रिजवान अभ्यासी, विवेक राठौर, आरती खंगराले, मनोज परमार, घनश्याम मीणा, सत्यनारायण शर्मा, शमीम अहमद, हसीन भाई, जसवंत सिंह, कंचन ठाकुर, सुनील दुबे, राधेश्याम मालवीय, प्रेमनारायण परमार, नारायण सिंह परमार, प्रीतम दयाल चौरसिया, रमेश गुप्ता, पन्नलाल खंगराले, आत्माराम परमार, धर्मप्रकाश आर्य, धन्नाला परचौले, महेश कुमार पत्रकार, रामबिलास बाकरिया, भगतसिंह तोमर, दीपक सोनकर, औंकार सिंह पैरवाल, राहुल जांगड़ा, देवेन्द्र सिंह मालवीय, नन्दकिशोर मालवीय, बंशीलाल बकोरिया, गज्जु पंवार नन्दगांव आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

---

## हरदा में पहली बार होगा अंतरराष्ट्रीय रैपिड शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले में पहली बार अंतरराष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन होने जा रहा है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट हरदा जिला शतरंज संगठन के तत्वावधान में इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के अनुरूप संपन्न होगा, जिसमें देश-प्रदेश सहित विभिन्न स्थानों के ख्याति प्राप्त और रेटेड खिलाड़ी अपने खेल का जौहर दिखाएंगे। इस टूर्नामेंट की तिथि शतरंज फेडरेशन द्वारा 24 जनवरी शनिवार निर्धारित की गई है। यह टूर्नामेंट कलेक्टर निवास के सामने, इंदौर रोड हरदा डिग्री कॉलेज में होगा, जिसमें देश-विदेश के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। उन्होने बताया कि यह इंटरनेशनल चेस टूर्नामेंट 24 जनवरी राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं को समर्पित रहेगा। इसमें बड़ी संख्या में बालिकाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जिले एवं आसपास के विद्यालयों और महाविद्यालयों से संपर्क कर उन्हें प्रेरित किया जाएगा। साथ ही खिलाड़ियों के खेल स्तर को बेहतर बनाने हेतु पूर्व में प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बताया कि शतरंज के शौकीनों और खिलाड़ियों के लिए यह एक बेहतरीन मौका है, जहां वे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। टूर्नामेंट में कुल 1,51,000 रुपये की इनामी राशि और ट्रॉफियां रखी गई है। यह एक रेपिड टूर्नामेंट होगा, जिसमें प्रत्येक खिलाड़ी को 15 मिनट और प्रति चाल 5 सेकंड का अतिरिक्त समय मिलेगा। उन्होने बताया कि टूर्नामेंट के लिये ओपन श्रेणी हेतु 750 रुपये तथा हरदा के स्थानीय खिलाड़ियों के लिये 500 रूपये एन्ट्री फीस निर्धारित की गई है। जीएम/डब्ल्यूजीएम/डब्ल्यूआईएम खिताब धारकों और 2300 से ऊपर रेटेड खिलाड़ियों के लिए प्रवेश निःशुल्क है। इसके अलावा दिव्यांग खिलाड़ियों को एंट्री फीस में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

---

## डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण मौसम रबी 2025-26 हेतु समय-सारणी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

आयुक्त, भू-संसाधन प्रबंधन मध्यप्रदेश द्वारा रबी मौसम हेतु डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण की समय-सारणी जारी की गई है। समय सारणी अनुसार सर्वेयर पंजीयन, कार्य पूर्णता तक तथा सभी प्रशिक्षण 20 जनवरी तक किये जायेंगे। इसी प्रकार किसान गिरदावरी एवं सर्वेयर क्रॉप सर्वे का कार्य 21 जनवरी से 28 फरवरी तक, सुपरवाइजर द्वारा सत्यापन का कार्य 5 मार्च तक किया जाएगा तथा किसान द्वारा 10 मार्च तक दावा आपत्ति प्रस्तुत की जा सकेगी। दावा आपत्ति निराकरण 15 मार्च तक, वेरीफायर द्वारा अनुमोदन 10 मार्च से 15 मार्च तक किया जाएगा। डिजिटल क्रॉप सर्वे जांच कार्य 1 से 15 मार्च तक तथा जांच कार्य का अंतिम अनुमोदन 20 मार्च को किया जाएगा। अंतिम डाटा भूलेख पोर्टल पर अद्यतन 31 मार्च को किया जाएगा। संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा ने बताया कि फसल गिरदावरी कार्य के लिये तहसील स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 16 जनवरी को दोपहर 3 बजे से कार्यालय भू संसाधन प्रबन्धन जिला हरदा में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्रद्धा गोस्वामी द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। तहसील स्तरीय मास्टर ट्रेनर तहसील अंतर्गत सभी पटवारियों एवं स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे तथा समय-समय पर वरिष्ठ कार्यालय द्वारा जारी आदेशों व निर्देशों से सभी संबंधितों को अवगत करायेंगे।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश भू-अभिलेख नियमावली के अनुसार फसल गिरदावरी का कार्य वर्ष में 3 बार खरीफ, रबी व जायद मौसम में सारा एप के माध्यम से संपन्न किया जाता है। इसका उपयोग उपार्जन, फसल बीमा आदि योजनाओं में सतत रूप से किया जा रहा है।

---

## कांग्रेस विधायक के हिन्दू सम्मेलन में शामिल होने पर प्रवक्ता को आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले की रहटगांव तहसील मुख्यालय पर 17 जनवरी को हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में टिमरनी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक अभिजीत शाह भी शामिल हुए थे। विधायक शाह के इस सम्मेलन में शामिल होने पर कांग्रेस पार्टी ने आपत्ति जताई है।

कांग्रेस जिला प्रवक्ता आदित्य गार्गव ने कहा कि विधायक अभिजीत शाह को कांग्रेस के टिकट पर जनता ने चुना है। उनका राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े आयोजन में शामिल होना कांग्रेस की घोषित विचारधारा के खिलाफ है। यह उनकी कांग्रेस विचारधारा के प्रति निष्ठा पर गंभीर सवाल उठाता है। गार्गव ने बताया कि विधायक शाह ने इस सम्मेलन में अपनी उपस्थिति की जानकारी सोशल मीडिया पर भी साझा की थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीते जनप्रतिनिधि के ऐसे आयोजनों में भाग लेने से जमीनी स्तर पर आरएसएस की विचारधारा से लड़ने वाले आम कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का मनोबल प्रभावित होता है। कांग्रेस प्रवक्ता ने विधायक शाह से स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने पूछा कि क्या वे महात्मा गांधी, पंडित नेहरू, सरदार पटेल, सुभाष चंद्र बोस और मौलाना आजाद जैसे देशभक्त नेताओं की विचारधारा के साथ हैं, या फिर गोडसे तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विभाजनकारी विचारधारा के साथ हैं।

---

## सहस्त्र चंडी महायज्ञ में पूर्ण विधि-विधान से किया गया अग्नि स्थापन नित्य हवन-पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के गंज के समीपस्थ प्रसिद्ध करोली वाली माता मंदिर में सोमवार को सुबह यहां पर 108 विप्रजनों के द्वारा पूर्ण विधि-विधान से अग्नि स्थापन नित्य हवन-पूजन का क्रम आरंभ हो गया है। माघ नवरात्रि के पावन अवसर पर संयुक्त मां कालका उत्सव समिति के तत्वाधान में दस दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसमें करीब 45 से अधिक जोड़ों ने दिव्य अनुष्ठान की क्रियाएं की। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष विवेक राठौर, मुख्य यजमान सूत्रधार तरुण राठौर सहित अन्य ने यज्ञाचार्य पंडित महादेव शर्मा के मार्गदर्शन में यज्ञशाला में प्रवेश किया। महायज्ञ के मीडिया प्रभारी प्रदीप समाधिया ने बताया कि सोमवार को सर्वप्रथम विप्रजनों के अलावा जोड़ों ने यज्ञ में प्रवेश किया, वहीं पंचांग पूजन, पित्त पूजन सहित अन्य क्रियाएं के अलावा नित्य हवन पूजन का आयोजन किया गया।

---

## फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए इनाम किया घोषित

**हरदा।** पुलिस अधीक्षक शशांक ने विभिन्न प्रकरणों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किए हैं। उन्होंने थाना सिविल लाइन के अपराध क्रमांक 405/2025 धारा 126(2), 109(1), 3(5) बीएनएस में फरार आरोपियों पवन पिता पूनम विश्नोई तथा पूनम पिता श्यामलाल विश्नोई निवासी ग्राम झालवा की तलाश एवं पतारसी पर 5 हजार का इनाम घोषित किया है।

इसी प्रकार थाना सिविल लाइन के अपराध क्रमांक 237/2025 धारा 137(2) बीएनएस में संदेही आरोपी गोकुल पिता करण सिंह निवासी कचबेड़ी की गिरफ्तारी के लिए 3 हजार तथा थाना कोतवाली के अपराध क्रमांक 147/2025 धारा 296/2025, 115(2), 351(3) बीएनएस में फरार आरोपी शंकर बंजारा पिता राम सिंह उर्फ अनोखीलाल बंजारा निवासी दूधडेरी हरदा एवं थाना छीपाबड़ के अपराध क्रमांक 439/2025 धारा 115(2), 331(4) बीएनएस ईजाफा 118(1) में फरार आरोपी मेहताब उर्फ गब्बर पिता गुलाब सिंह कोरकू निवासी लोधियाखेड़ी की गिरफ्तारी हेतु 2-2 हजार रूपये के इनाम घोषित किये गये हैं। जारी उद्घोषणा में कहा गया है कि जो व्यक्ति इन आरोपियों को गिरफ्तार करेगा या करवाएगा या ऐसी सूचना देगा, जिसके आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी संभव हो सके, ऐसे सूचनाकर्ता को आरोपी की गिरफ्तारी के लिए इनाम की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा।

---

## शिविर लगाकर जिला पंचायत के अधिकारी व कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



बुधवार को जिला पंचायत कार्यालय हरदा सहित जनपद पंचायत हरदा व टिमरनी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में चिकित्सा दल द्वारा जिला एवं जनपद पंचायत के लगभग 207 अधिकारी कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों की शुगर, बीपी, थायराईड आदि विभिन्न बिमारियों की जांच के लिये ब्लड सेंपल लिये गये तथा जांच के बाद दवाईयाँ एवं चिकित्सा परामर्श दिया गया।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में ठंड के मौसम को देखते हुये विगत समय में विभाग के एक उपयंत्री तथा ग्राम पंचायत सचिव के आकस्मिक निधन के कारण विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुये मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में स्वास्थ्य विभाग को निर्देषित किया गया था, जिससे विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सके और कर्मचारी शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होकर बेहतर स्वास्थ्य का लाभ उठा सकें। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जोसेफ ने बताया कि समय-समय पर भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर लगाकर अधिकारी एवं कर्मचारियों एवं उनके परिवार जनों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया जाएगा।

---

## किन्नर समाज के लिए किया गया वित्तीय साक्षरता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा




खेड़ीपुरा, हरदा में किन्नर समाज के लिए भारतीय स्टेट बैंक द्वारा बुधवार को वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में किन्नर समाज के लोगों को बैंक की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव के उपायों के बारे में भी जागरूक किया गया। शिविर में किन्नर समाज की मुखिया माही माँ, चाहत शर्मा सहित किन्नर समाज के कई सदस्य उपस्थित रहे। शिविर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के वित्तीय साक्षरता सलाहकार सुबोध कुमार जैन ने सभी विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सीएसी हरदा के प्रबंधक परमेश्वर दयाल एवं बैंक के उप प्रबंधक पंकज नायक ने किन्नर समाज के सदस्यों को डायरी एवं कैलेंडर भी वितरित किए। शिविर में एलडीएम मनोज पवार, आशुतोष गौर, केदार पटेल, सुरेश कुमार सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य किन्नर समाज को बैंकिंग एवं वित्तीय मामलों में जागरूक करना तथा उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है, जो कि भारतीय स्टेट बैंक की सामाजिक जिम्मेदारी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

---

## ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान अंतर्गत ग्राम बोथी में श्रमदान से किया जलसंरचना का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव



ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत ग्राम विकास पखवाड़े के अंतर्गत सेक्टर क्रमांक 3 टेमागांव सेक्टर का सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन ग्राम बोथी में किया गया। ग्राम पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में नशा मुक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण तथा जल संरक्षण श्रमदान संबंधी शपथ ग्राम वासियों को दिलाई गई। संस्था नवयुवक ग्राम विकास समिति झाड़बीडा द्वारा आयोजित इस सेक्टर स्त्री कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक अनुपम भारद्वाज स्थानीय स्कूल के शिक्षक दिनेश सरलाम संस्था से महेंद्र वर्मा एवं ग्राम के वनरक्षक, सचिव, सहायक सचिव एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष बकसराम के द्वारा किया गया।

संस्था प्रभारी महेंद्र वर्मा के द्वारा शासकीय योजनाओं की जानकारी ग्राम वासियों को दी गई साथ ही आधार कार्ड जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने एवं उसकी आवश्यकता के बारे में बताया तत्पश्चात प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष ने जल संरक्षण पर अपने विचार रखें एवं ग्राम वासियों से श्रमदान कर बोरी बंधान बनवाने पर सहमति ली। शिक्षक दिनेश सलाम ने ग्राम वासियों से अपने बच्चों को समय पर स्कूल पहुंचाने एवं नियमित स्कूल पहुंचाने हेतु चर्चा की, अंत में ब्लॉक समन्वयकम. प्र. जन अभियान परिषद टिमरनी अनुपम भारद्वाज ने ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान सामाजिक समरसता कुटुंब प्रबोधन स्वदेशी एवं नशा मुक्ति तथा जल संरक्षण विषयों पर चर्चा की कार्यक्रम में आगंतुक अन्य शासकीय कर्मचारियों के द्वारा भी अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के पश्चात सभी ग्राम वासियों ने मिलकर ग्राम से बहने वाले सेमलिया नाले पर एक बोरी बंधान एवं एक बोल्डर बांध का निर्माण किया जिसमें ग्राम की 14 महिलाओं एवं 11 पुरुषों ने 2 घंटे तक श्रमदान कर बांध निर्माण किए।

---

## बुधवार को जैविक हाट बाजार में 97 उपभोक्ताओं ने सामग्री क्रय की

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा जिले के जनप्रतिनिधियों, अधिकारी कर्मचारी एवं किसानों के लिए जैविक उत्पाद क्रय करने हेतु जैविक हाट बाजार का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड हरदा में नेहरु स्टेडियम के गेट नंबर 2 के पास बुधवार को जैविक हाट बाजार लगाया गया। उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे ने बताया कि इस बाजार में किसानों द्वारा दैनिक जीवन में उपयोग में आने वाली सामग्री जैसे सब्जी, आयल, गुड़, दालें, गेहूं, चना आदि जैविक उत्पाद के विक्रय हेतु स्टॉल लगाये गये। इस दौरान 65 उपभोक्ताओं तथा 32 अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा अपने एवं अपने परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य के लिये जैविक उत्पाद क्रय किये गये।



उप संचालक कास्दे ने जिले के जनप्रतिनिधियों, अधिकारी कर्मचारी, उपभोक्ता एवं कृषक बंधुओ से अनुरोध किया है कि आपके विकासखंड में साप्ताहिकी जैविक हाट बाजार से जैविक उत्पाद क्रय कर अपने एवं अपने परिवार के स्वास्थ्य को बेहतर बनाएं। उन्होने बताया कि विकासखंड हरदा में प्रत्येक बुधवार को नेहरु स्टेडियम गेट नंबर 2 के पास, विकासखंड टिमरनी में प्रत्येक शुक्रवार को कृषि उपज मंडी प्रागंण टिमरनी तथा विकासखंड खिरकिया में प्रत्येक मंगलवार को वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय, रेलवे स्टेशन के पास जैविक हाट बाजार लगाया जा रहा है।